Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

Teachingninja.in

# BPSC

## Previous Year Paper

### District Art Culture Officer 2021

Teachingninja.in

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका श्रृंखला

**A**

प्रश्न-पुस्तिका

# सामान्य अध्ययन

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की श्रृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 46 और 47) सहित पूरे 48 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी श्रृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक,** प्रश्न-पुस्तिका **श्रृंखला तथा** अन्य विवरण **अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने अनुक्रमांक तथा **प्रश्न-पुस्तिका की श्रृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका श्रृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत श्रृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर—(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C), (D) और (E)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के केवल **एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.



SEAL
Teachingninja.in

1. एक ही पदार्थ के अणुओं के बीच आकर्षण के अंतर-आणविक बल को कहा जाता है _____ बल।

(A) गुरुत्वाकर्षण

(B) आसंजक (अढेसिव)

(C) संसंजक (कोहीसिव)

(D) स्थिर वैद्युत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

2. सही संबंध कौन-सा है?

(A) द्रव्यमान = घनत्व / (आयतन)$^3$

(B) आयतन = घनत्व × द्रव्यमान

(C) घनत्व = द्रव्यमान / आयतन

(D) घनत्व = द्रव्यमान × आयतन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

3. छिपकली का पैर _____ की तरह काम करता है।

(A) मूविंग पैड

(B) सक्शन पैड

(C) ड्रिलिंग पैड

(D) स्क्रिपिंग पैड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

4. एक हॉर्सपावर (1 horsepower) _____ के बराबर है।

(A) 746 W

(B) 746 cc

(C) 746 J

(D) 746 erg

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

5. सूर्य के प्रकाश के वर्णक्रम में सात रंगों को क्रम में _____ के रूप में दर्शाया गया है।

(A) VIGYBOR

(B) VIBYGOR

(C) VIBGYOR

(D) VGIBYOR

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

6. किसी तरल पदार्थ का क्वथनांक (boiling point) बढ़ जाता है

(A) तरल की मात्रा बढ़ाने से

(B) तरल पर दबाव बढ़ाने से

(C) तरल का घनत्व बढ़ाने से

(D) तरल का द्रव्यमान बढ़ाने से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

7. जब ध्वनि तरंग के रूप में चलती है, तो

(A) माध्यम के कण स्रोत से श्रोता की ओर बढ़ते हैं

(B) माध्यम के कण स्थिर रहते हैं

(C) माध्यम के कण ऊपर-नीचे कंपन करने लगते हैं

(D) माध्यम के कण अपनी औसत स्थिति को छोड़े बिना ऊर्जा को स्थानांतरित करते हैं

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

8. एक पियानो की पिच कम करने के लिए

(A) मोटे स्ट्रिंग का उपयोग करना चाहिए

(B) स्ट्रिंग में तनाव बढ़ाना चाहिए

(C) स्ट्रिंग की लंबाई कम करनी चाहिए

(D) स्ट्रिंग में तनाव कम करना चाहिए

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**9.** जब एक विद्युत् उपकरण का स्विच बंद किया जाता है, तो _____ डिस्कनेक्ट हो जाती है।

(A) लाइव वायर

(B) तटस्थ तार

(C) भू-तार

(D) फ्यूज तार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**10.** यदि एक फुलाया हुआ गुब्बारा जलते बल्ब के पास लाया जाता है, तो वह फट जाता है, क्योंकि

(A) गुब्बारा पिघल जाता है

(B) प्रकाश किरणें गुब्बारे में छेद कर देती हैं

(C) गुब्बारे के अंदर की हवा गर्म हो जाती है और गुब्बारे की भीतरी दीवार पर दबाव बढ़ा देती है

(D) ताप गुब्बारे में छेद कर देता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**11.** _____ ने सबसे पहले यह सुझाव दिया था कि पदार्थ बहुत छोटे कणों से बना है, जिसे 'अणु' कहते हैं।

(A) महर्षि कणाद

(B) जॉन डाल्टन

(C) रॉबर्ट ब्राउन

(D) अर्नेस्ट रदरफोर्ड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**12.** पदार्थ के अंतर-रूपांतरण वाली स्थिति में

(A) रासायनिक संरचना में परिवर्तन होता है

(B) रासायनिक संरचना में परिवर्तन नहीं होता है

(C) भौतिक और रासायनिक संरचना दोनों में परिवर्तन होता है

(D) भौतिक संरचना नहीं बदलती है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**13.** किसी मिश्रण के विभिन्न घुले हुए घटकों को एक उपयुक्त पदार्थ पर अधिशोषण विधि द्वारा अलग करने की प्रक्रिया को _____ कहा जाता है।

(A) विलायक निष्कर्षण (सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन)

(B) क्रिस्टलीकरण

(C) क्रोमैटोग्राफी

(D) अवसादन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**14.** एक परमाणु की संरचनात्मक स्थिरता को _____ द्वारा समझाया गया।

(A) अर्नेस्ट रदरफोर्ड

(B) नील्स बोर

(C) जेम्स चैडविक

(D) जे० जे० थॉमसन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**15.** तत्त्व की द्रव्यमान संख्या (mass number) उस परमाणु के नाभिक में मौजूद _____ के बराबर होती है।

(A) प्रोटॉनों की संख्या

(B) फर्मियनों की संख्या

(C) इलेक्ट्रॉनों की संख्या

(D) प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के योग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**16.** रासायनिक प्रतिक्रिया के दौरान किसी तरल में गैस के बुलबुले के निर्माण को ______ कहा जाता है।

(A) वाष्पीकरण

(B) विसरण

(C) संघनन

(D) बुदबुदाहट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**17.** चाँदी, लोहा और ताँबा प्रकृति में प्रतिक्रियाशील हैं। निम्नलिखित में से उनकी प्रतिक्रिया का सही क्रम है

(A) चाँदी > ताँबा > लोहा

(B) ताँबा > लोहा > चाँदी

(C) चाँदी > लोहा > ताँबा

(D) लोहा > चाँदी > ताँबा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**18.** ______ को व्यापक रूप से भविष्य में बड़े पैमाने पर ईंधन के रूप में देखा जाता है।

(A) ऑक्सीजन

(B) नाइट्रोजन

(C) हाइड्रोजन

(D) ओज़ोन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**19.** पृथ्वी पर उपलब्ध कुल पानी का ______ समुद्र और महासागर में है।

(A) 97·4%

(B) 98·4%

(C) 96·4%

(D) 95%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**20.** प्रेशर कुकर में खाना पकाने में कम समय लगता है, क्योंकि

(A) यह पानी के क्वथनांक को बनाए रखता है

(B) यह पानी के क्वथनांक को बढ़ाता है

(C) यह पानी के क्वथनांक को कम करता है

(D) यह पानी के क्वथनांक को प्रभावित नहीं करता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**21.** सैप के आरोहण के लिए ______ जिम्मेदार बल है।

(A) केशिका बल

(B) जड़ दबाव

(C) वाष्पोत्सर्जन खिंचाव (ट्रांसपिरेशनल पुल)

(D) गुरुत्वाकर्षण बल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**22.** ______ फूल के प्रजनन तंत्र होते हैं।

(A) पंखुड़ियाँ और गर्भकेशर

(B) पुंकेसर और गर्भकेशर

(C) बाह्यदल और पंखुड़ियाँ

(D) बाह्यदल और पुंकेसर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन ग्लूकोज की अधिकता को ग्लाइकोजन में परिवर्तित करता है?

(A) ग्लूकागन

(B) थायरॉक्सिन

(C) ऐड्रेनलीन

(D) इंसुलिन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**24.** _____ को मास्टर ग्रंथि कहा जाता है।

(A) पीयूष ग्रंथि

(B) थायरॉयड ग्रंथि

(C) अग्न्याशय

(D) अधिवृक्क ग्रंथि

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**25.** _____ एकमात्र धमनी है, जो विऑक्सीजनित रक्त वहन करती है।

(A) महाधमनी

(B) गुर्दे की धमनी

(C) फुफ्फुसीय धमनी

(D) यकृत धमनी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**26.** लसीका का गैर-कोशिकीय हिस्सा पानी के लगभग _____ से बना होता है।

(A) 90%

(B) 95%

(C) 50%

(D) 94%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**27.** अच्छे भोजन की गंध से मुँह में पानी आ जाता है। यह एक _____ है।

(A) साधारण प्रतिवर्ती क्रिया

(B) अधिग्रहित प्रतिवर्ती क्रिया

(C) जन्मजात प्रतिवर्ती क्रिया

(D) प्राकृतिक प्रतिवर्ती क्रिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**28.** तंत्रिका तंत्र की संरचनात्मक और कार्यात्मक इकाई है

(A) न्यूरॉन

(B) अक्षतंतु (ऐक्सॉन)

(C) नेफ्रॉन

(D) टेक्सॉन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**29.** टीकाकरण की कल्पना _____ ने की थी।

(A) एडवर्ड जेनर

(B) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग

(C) इसाक न्यूटन

(D) चार्ल्स डार्विन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**30.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक मनोवैज्ञानिक दवा **नहीं** है?

(A) कोकेन

(B) मॉर्फिन

(C) हेरोइन

(D) पेनिसिलिन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

31. पूर्वी लद्दाख क्षेत्र की गलवान घाटी में भारत-चीन सैनिकों के मध्य हुई हिंसक झपड़ की तिथि है

(A) 5 जून, 2020

(B) 10 जून, 2020

(C) 15 जून, 2020

(D) 20 जून, 2020

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

32. भारत सरकार द्वारा घोषित 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' में 4एल० की संकल्पना का संबंध है

(A) लेबर, लैन्ड, लोन और लॉ सुधारों से

(B) लैन्ड, लेबर, लिक्विडिटी और लॉ सुधारों से

(C) लैन्ड, लिक्विडिटी, लेबर और लॉस सुधारों से

(D) लॉ, लैन्ड, लिक्विडिटी और लायबिलिटी सुधारों से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

33. भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 'राष्ट्रीय मुक्त डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र' का आधार वाक्य है

(A) सबका साथ, सबका विकास

(B) अच्छे दिन लायेंगे

(C) आत्मनिर्भर भारत

(D) न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

34. भारतीय फार्मास्यूटिकल सेक्टर विभिन्न टीकों की वैश्विक माँग के कितने प्रतिशत भाग की आपूर्ति करता है?

(A) 30%

(B) 40%

(C) 50%

(D) 60%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

35. 'वंशधारा जल विवाद' का संबंध किन राज्यों से है?

(A) केरल–कर्नाटक

(B) ओडिशा–आंध्र प्रदेश

(C) ओडिशा–झारखण्ड

(D) झारखण्ड–छत्तीसगढ़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

36. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी नीति, 2019 के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारतीय इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के कारोबार को बढ़ाने का लक्ष्य है

(A) 100 मिलियन यू० एस० डी०

(B) 200 मिलियन यू० एस० डी०

(C) 300 मिलियन यू० एस० डी०

(D) 400 मिलियन यू० एस० डी०

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

37. भारत सरकार के अनुसार, 'कॉयर जियोटेक्सटाइल' नामक पदार्थ का उपयोग किया जा रहा है

(A) सड़क निर्माण में

(B) पुल निर्माण में

(C) सुरंग निर्माण में

(D) वस्त्र निर्माण में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

38. डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु आर० बी० आइ० द्वारा स्थापित ₹ 500 करोड़ के 'भुगतान अवस्थापना विकास कोष' में आर० बी० आइ० का अंशदान है

(A) ₹ 150 करोड़

(B) ₹ 200 करोड़

(C) ₹ 250 करोड़

(D) ₹ 300 करोड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

39. विश्व मानव पूँजी सूचकांक, 2020 में भारत का स्थान है

(A) 113वाँ

(B) 114वाँ

(C) 115वाँ

(D) 116वाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

40. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75वें चक्र के अनुसार, भारत में उच्चतम और निम्नतम साक्षरता दर वाले राज्य हैं

(A) तमिलनाडु–मध्य प्रदेश

(B) केरल–ओडिशा

(C) केरल–आंध्र प्रदेश

(D) केरल–त्रिपुरा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

41. किस देश ने उइगर मानवाधिकार विधेयक, 2020 पारित किया है?

(A) यू० एस० ए०

(B) रूस

(C) चीन

(D) जापान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

42. कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौर में विभिन्न देशों के मध्य सुरक्षित सम्पर्क स्थापित करने के लिए उपयोग की जानेवाली सम्पर्क नीति है

(A) सामाजिक कूटनीति

(B) ई-कूटनीति

(C) ई-मेल

(D) पत्राचार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

43. अमेरिकी राष्ट्रपति ने जी-7 में निम्नलिखित में से किन देशों को शामिल किए जाने की बात कही है?

(A) भारत, चीन, रूस

(B) भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया

(C) भारत, रूस, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका

(D) भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, रूस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

44. कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनज़र, किस देश के साथ भारत ने द्विपाक्षिक आभासी (वर्चुअल) शिखर सम्मेलन 4 जून, 2020 को आयोजित किया?

(A) जापान

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) नेपाल

(D) यू० एस० ए०

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

45. आर्थिक कूटनीति के तहत हाल ही में चीन ने बांग्लादेश के कितने प्रतिशत उत्पादों को आयात शुल्क में छूट प्रदान की है?

(A) 90%

(B) 95%

(C) 97%

(D) 100%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**46.** जलविद्युत् ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाओं के कारण कौन-सा देश 'दक्षिण-पूर्व एशिया की बैटरी' कहलाता है?

(A) लाओस

(B) म्यांमार

(C) कम्बोडिया

(D) फिलीपीन्स

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**47.** निजी क्षेत्र की कम्पनी स्पेस एक्स० के अंतरिक्ष कैप्सूल को आइ० एस० एस० के साथ डॉकिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करने में कितना समय लगा?

(A) 14 घंटा

(B) 16 घंटा

(C) 19 घंटा

(D) 21 घंटा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**48.** ब्रह्माण्ड में पारलौकिक जीवन की खोज करने के लिए किस देश ने 'एफ० ए० एस० टी०' नामक वेधशाला/टेलिस्कोप स्थापित किया है?

(A) यू० के०

(B) चीन

(C) रूस

(D) यू० एस० ए०

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**49.** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (भारत) के वैज्ञानिकों द्वारा खोजे गये कोविड-19 के नवीनतम क्लैड/प्रकार का नाम है

(A) A2b

(B) A2i

(C) A3i

(D) A3b

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**50.** कोविड-19 के विरुद्ध लड़ने के लिए ताइवान और स्विट्जरलैण्ड की टेक्सटाइल कम्पनियों के साथ मिलकर भारत की कौन-सी टेक्सटाइल कम्पनी ने 'एन्टीवायरल वस्त्र' बनाने की घोषणा की है?

(A) विमल टेक्सटाइल कम्पनी

(B) बजाज टेक्सटाइल कम्पनी

(C) रिलायन्स इन्डस्ट्रिज लिमिटेड

(D) अरविन्द टेक्सटाइल कम्पनी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**51.** वर्ष 2019 का आइ० सी० सी० क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार विजेता हैं

(A) बेन स्टोक्स (इंग्लैण्ड)

(B) विराट कोहली (भारत)

(C) पैट कमिन्स (ऑस्ट्रेलिया)

(D) रोहित शर्मा (भारत)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**52.** महिला क्रिकेटरों के लिए बी० सी० सी० आइ० का वर्ष 2018–2019 का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड किसे प्रदान किया गया है?

(A) मिताली राज

(B) झूलन गोस्वामी

(C) अंजुम चोपड़ा

(D) वी० कृष्णमूर्ति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**53.** वर्ष 2019 के लिए 77वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म '1917' के निर्देशक हैं

(A) सैम मेंडिस

(B) डेविड फिंचर

(C) स्टेनली कुब्रिक

(D) रिडले स्कॉट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.



Teachingninja.in

54. वर्ष 2019 का सरस्वती सम्मान किसे दिया गया है?

(A) महाश्वेता देवी

(B) चेतन भगत

(C) अरुंधती राय

(D) वासदेव मोही

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

55. वर्ष 2019 के शांति के नोबेल पुरस्कार विजेता का देश है

(A) इथोपिया

(B) जाम्बिया

(C) केनिया

(D) युगान्डा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

56. आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा 2020 का सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

(A) एन० डी० आर० एफ०

(B) डी० एम० एम० सी०

(C) एन० डी० एम० ए०

(D) भारतीय सेना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

57. विश्व आर्थिक मंच का 2020 का क्रिस्टल पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?

(A) अमिताभ बच्चन

(B) शाहरूख खाँ

(C) सलमान खाँ

(D) दीपिका पादुकोन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

58. भारत पर्व, 2020 का आयोजन-स्थल है

(A) लाल किला—दिल्ली

(B) ताजमहल—आगरा

(C) पिंक सिटी—जयपुर

(D) वृन्दावन उद्यान—मैसूर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

59. न्यूजीलैण्ड की घरेलू टी-20 क्रिकेट शृंखला में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले क्रिकेटर हैं

(A) केन विलियम्सन

(B) ट्रेन्ट बोल्ट

(C) नील वैगनर

(D) लियो कार्टर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

60. जंगलों में लगने वाली 'वार्षिक बुशफायर सीजन' ने सितम्बर 2019 में किस देश में विकराल रूप ले लिया था?

(A) ऑस्ट्रेलिया

(B) यू० एस० ए०

(C) चीन

(D) जिम्बाब्वे

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

61. भारत में शासन करने वाला प्रथम गैर-क्षत्रिय वंश कौन था?

(A) हर्यंक

(B) नन्द

(C) शिशुनाग

(D) शुंग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

62. अशोक के किस अभिलेख में अकाल (दुर्भिक्ष) का उल्लेख है?

(A) सोहगौरा

(B) मस्की

(C) सोपारा

(D) कलसी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

63. मौर्यकाल में 'कंटकशोधन' न्यायालय किस प्रकार का न्याय करता था?

(A) दीवानी

(B) फौजदारी

(C) धार्मिक

(D) नैतिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

64. किस गुप्त शासक ने सर्वप्रथम 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की?

(A) श्रीगुप्त

(B) समुद्रगुप्त

(C) चन्द्रगुप्त प्रथम

(D) चन्द्रगुप्त द्वितीय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

65. वत्सराज किस वंश का प्रसिद्ध शासक था?

(A) पाल

(B) राष्ट्रकूट

(C) वाकाटक

(D) गुर्जर-प्रतिहार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

66. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीनकाल में भूमि-कर नहीं था?

(A) भाग

(B) भोग

(C) उद्रंग

(D) पेठ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**67.** किस सुल्तान ने सेना में 'दाग और चेहरा' लागू किया?

(A) इल्तुतमिश

(B) बलबन

(C) अलाउद्दीन खलजी

(D) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**68.** फिरोज शाह तुगलक ने संस्कृत पाण्डुलिपि का किस नाम से फारसी में अनुवाद करवाया?

(A) *तारीख-ए-फिरोज शाही*

(B) *दलाइल-ए-फिरोज शाही*

(C) *फुतुहात-ए-फिरोज शाही*

(D) *फतवा-ए-जहांदारी*

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**69.** किस राजपूत के महल में सम्राट अकबर का जन्म हुआ था?

(A) राणा सांगा

(B) राणा मालदेव

(C) राणा कुम्भा

(D) राणा वीरसाल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**70.** किस मुगल शासक ने न्याय हेतु एक जंजीर एवं घंटी लटकाई थी, जिसे जंजीर-ए-आदिल कहा जाता था?

(A) अकबर

(B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ

(D) औरंगजेब

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**71.** शेरशाह की भू-लगान व्यवस्था की निम्नलिखित में से किससे तुलना की जा सकती है?

(A) जमीन्दारी व्यवस्था

(B) महलवारी व्यवस्था

(C) रैय्यतवाड़ी व्यवस्था

(D) इक्तेदारी व्यवस्था

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**72.** बक्सर के युद्ध में अंग्रेजी सेना किसके नेतृत्व में लड़ी थी?

(A) मुनरो

(B) क्लाइव

(C) आयर कूट

(D) वान्सीटार्ट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

73. सर्वप्रथम किस मराठा पेशवा ने सहायक संधि को स्वीकार किया?

(A) बाजीराव प्रथम

(B) बाजीराव द्वितीय

(C) बालाजी विश्वनाथ

(D) माधव राव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

74. वह पहला भारतीय कौन था, जो हाउस ऑफ कॉमन्स का सदस्य बना था?

(A) एस० एन० बनर्जी

(B) जी० के० गोखले

(C) सी० आर० दास

(D) दादाभाई नौरोजी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

75. नील खेतिहरों की दुर्दशा को दर्शाने वाली पुस्तक *नीलदर्पण* के रचयिता कौन हैं?

(A) बंकिमचन्द्र चटर्जी

(B) सचिन सान्याल

(C) दीनबन्धु मित्र

(D) कृष्ण कुमार मित्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

76. प्लासी युद्ध के पश्चात् किसको बिहार प्रान्त का 'उप-दीवान' नियुक्त किया गया था?

(A) राजा सीताब राय

(B) मुहम्मद रज़ा खाँ

(C) दुर्गादास

(D) पृथ्वीशचन्द्र राय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

77. बिहार में 'तीनकठिया पद्धति' किस फसल के उत्पादन से जुड़ा हुआ था?

(A) धान

(B) गेहूँ

(C) नील

(D) गन्ना (ईख)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

78. किस वर्ष 'मुजफ्फरपुर बम काण्ड' घटित हुआ?

(A) 1905

(B) 1908

(C) 1911

(D) 1913

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

79. 1922 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का वार्षिक सम्मेलन बिहार के किस शहर में हुआ था?

(A) पटना

(B) भागलपुर

(C) दरभंगा

(D) गया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

80. बिहार काँग्रेस कमिटी के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(A) हसन इमाम

(B) अब्दुल बारी

(C) सर इमाम अली

(D) मज़हरूल हक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**81.** निम्नलिखित में से किस महासागर/सागर में सुंडा खाई स्थित है?

(A) हिन्द महासागर

(B) प्रशान्त महासागर

(C) अटलांटिक महासागर

(D) अरब सागर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**82.** विश्व में सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश कौन-सा है?

(A) भारत

(B) यू० एस० ए०

(C) रूस

(D) चीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**83.** बुशमैन का निवास-क्षेत्र है

(A) तकलामाकन

(B) कालाहारी

(C) ग्रेट विक्टोरिया

(D) रब अल-खाली

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**84.** हिन्द महासागर की प्रमुख जलधारा है

(A) मोजाम्बिक धारा (गर्म धारा)

(B) फ्लोरिडा धारा

(C) लेब्राडोर धारा

(D) कुरोशियो धारा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**85.** किस प्रकार की कृषि में, किसान और उसका परिवार केवल अपने लिए या स्थानीय बाजार के लिए अनाज का उत्पादन करते हैं?

(A) जीवन-निर्वाह खेती

(B) गहन खेती

(C) स्थानांतरण कृषि

(D) व्यापक खेती

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**86.** 'सिरोको' उष्ण आर्द्र हवायें कहाँ बहती हैं?

(A) आल्पस

(B) रॉकी पर्वत

(C) सहारा

(D) मिस्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**87.** गिर नैशनल पार्क कहाँ स्थित है?

(A) महाराष्ट्र

(B) मध्य प्रदेश

(C) गुजरात

(D) तमिलनाडु

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**88.** संगमरमर चट्टानों की किस श्रेणी में आता है?

(A) तलछटी

(B) आग्नेय

(C) कायान्तरित

(D) कणाश्म

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**89.** निम्नलिखित में से किसमें जैव विविधता अधिकतम होती है?

(A) मरुस्थल

(B) नदी

(C) ध्रुवीय क्षेत्र

(D) उष्णकटिबंधीय क्षेत्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा वायुमंडल में मुख्य ग्रीनहाउस गैस **नहीं** है?

(A) मीथेन

(B) ओज़ोन

(C) नाइट्रस ऑक्साइड

(D) हाइड्रोजन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**91.** निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी नदी भारत से निकलकर पाकिस्तान में जाती है?

(A) सतलुज

(B) घाघरा

(C) बेतवा

(D) तापी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**92.** जैव मंडल में सभी जीवित जातियाँ जीवित रहने के लिए एक-दूसरे से परस्पर सम्बन्धित रहती हैं और एक-दूसरे पर निर्भर होती हैं। इस जीवन-समर्थित तंत्र को कहते हैं

(A) पारितंत्र

(B) पर्वत श्रेणी

(C) जंगल

(D) वातावरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**93.** 'लिपुलेख दर्रा' कहाँ स्थित है?

(A) अरुणाचल प्रदेश

(B) सिक्किम

(C) उत्तराखण्ड

(D) हिमाचल प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**94.** बिहार में अधिसूचित वन-क्षेत्र का प्रतिशत है

(A) 7·1%

(B) 9·1%

(C) 4·1%

(D) 5·1%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**95.** छठ पूजा किन माहों में मनाई जाती है?

(A) मार्च और नवम्बर

(B) जनवरी और अक्तूबर

(C) जनवरी और अगस्त

(D) नवम्बर और जुलाई

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**96.** बिहार का डालमियानगर किसके लिए प्रसिद्ध है?

(A) रेशम

(B) जूट

(C) चमड़ा

(D) सीमेन्ट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**97.** भारत का बिहार में स्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है

(A) 30·5%

(B) 25·5%

(C) 16·5%

(D) 10·5%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**98.** जल मन्दिर कहाँ स्थित है?

(A) गंगापुरी

(B) पावापुरी

(C) तीर्थपुरी

(D) जलपुरी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**99.** निम्नलिखित में से बिहार का कौन-सा जिला नेपाल के साथ सीमा साझा **नहीं** करता है?

(A) पूर्णिया

(B) मधुबनी

(C) किशनगंज

(D) सीतामढ़ी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**100.** बिहार में औसत वार्षिक वर्षा होती है

(A) 705 मि० मी०

(B) 1005 मि० मी०

(C) 1205 मि० मी०

(D) 1505 मि० मी०

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**101.** समुदाय विकास कार्यक्रम का क्या उद्देश्य है?

(A) राजनीतिक प्रशिक्षण

(B) योजना बनाने में गाँवों की सहायता करना

(C) शैक्षणिक सुविधाएँ सुलभ कराना

(D) जीवन-स्तर को बेहतर बनाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**102.** केंद्र सरकार में उच्चतम नागरिक सेवा अधिकारी कौन है?

(A) गृह सचिव

(B) वित्त सचिव

(C) भारत का महान्यायवादी

(D) मंत्रिमंडल सचिव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**103.** किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान भारत के संविधान में नौवीं अनुसूची को पुरःस्थापित किया गया था?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) लाल बहादुर शास्त्री

(C) इंदिरा गाँधी

(D) मोरारजी देसाई

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**104.** निम्नलिखित संवैधानिक उपचारों में से किसे 'पोस्टमॉर्टम' भी कहा जाता है?

(A) उत्प्रेषण

(B) अधिकार-पृच्छा

(C) प्रतिषेध

(D) परमादेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**105.** भारत के संविधान की किस अनुसूची के अधीन जनजातीय भूमि का, खनन के लिए निजी पक्षकारों को अंतरण अकृत और शून्य घोषित किया जा सकता है?

(A) तीसरी अनुसूची

(B) पाँचवीं अनुसूची

(C) नौवीं अनुसूची

(D) बारहवीं अनुसूची

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**106.** राज्य सभा की लोक सभा के समान क्षमता किस क्षेत्र में है?

(A) नई अखिल भारतीय सेवाएँ गठित करने

(B) संविधान में संशोधन करने

(C) सरकार को हटाने

(D) कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**107.** निम्नलिखित मूल अधिकारों के किस संवर्ग में अस्पृश्यता के रूप में किए गए विभेदन के विरुद्ध संरक्षण समाविष्ट है?

(A) शोषण के विरुद्ध अधिकार

(B) स्वतंत्रता का अधिकार

(C) सांविधानिक उपचार का अधिकार

(D) समता का अधिकार

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**108.** भारत में पंचायती राज व्यवस्था, राजस्थान के बाद निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रारम्भ की गयी?

(A) केरल

(B) उत्तर प्रदेश

(C) आन्ध्र प्रदेश

(D) गुजरात

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**109.** भारत में सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ हुआ?

(A) 2 अक्तूबर, 1950

(B) 2 अक्तूबर, 1951

(C) 2 अक्तूबर, 1952

(D) 2 अक्तूबर, 1953

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**110.** पंचायती राज निम्नलिखित में से किसका विषय है?

(A) संघ सूची

(B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची

(D) अनुच्छेद 316

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**111.** 'प्रधानमंत्री किसान योजना' सम्बन्धित है

(A) 2·5 हेक्टेयर तक कृषियोग्य भूमि से

(B) चार बराबर किस्त से

(C) लगभग 10 करोड़ किसान परिवार से

(D) कटाई के पहले की आकस्मिक आवश्यकता से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**112.** 'नील क्रान्ति मिशन' सम्बन्धित है

(A) 2020 तक तिगुना मछली उत्पादन से

(B) 2020 तक मछुआरों की आय तिगुनी करने से

(C) 2020 तक निर्यात आय दुगुनी करने से

(D) समुद्री संसाधनों के दोहन से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**113.** 'एडॉप्ट अ हेरिटेज स्कीम' सम्बन्धित है

(A) 27 सितम्बर, 2017 से

(B) भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण से

(C) कदम-दर-कदम तरीका से

(D) सांस्कृतिक मूल्य से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**114.** औद्योगिक क्रान्ति 4·0 सम्बन्धित है

(A) मानव श्रम की आवश्यकता में कमी से

(B) स्मार्ट तकनीक के अभिग्रहण से

(C) निर्णय लेने में सुधार से

(D) इस बात से कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला व्यापार की लागत को कम करती है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**115.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) का बीमा मूल्य है

(A) 2% तक खरीफ फसल के लिए

(B) 2% तक रबी फसल के लिए

(C) 5% तक वाणिज्यिक और बागवानी फसल के लिए

(D) 1·5% तक दुग्ध उत्पाद के लिए

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**116.** मुद्रा योजना किससे सम्बन्धित है?

(A) शिशु : इसमें ₹40,000 तक के ऋण शामिल हैं

(B) किशोर : इसमें ₹40,000 से अधिक एवं ₹4 लाख तक के ऋण शामिल हैं

(C) तरुण : इसमें ₹4 लाख से अधिक एवं ₹10 लाख तक के ऋण शामिल हैं

(D) सिडबी (SIDBI)

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**117.** दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक गलियारा (DMIC) निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(A) भारत की सबसे बड़ी अवसंरचनात्मक परियोजना

(B) भारत एवं अमेरिका का संयुक्त प्रयास

(C) 6 राज्यों से होकर गुजरना

(D) पहले चरण में 7 औद्योगिक नगर का सम्मिलित होना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**118.** सुपरमार्केट की आपूर्ति श्रृंखला सम्बन्धित है

(A) फसल की कटाई के बाद की हानि को कम करने से

(B) बिचौलिये की बेहतर भूमिका से

(C) खाद्य पदार्थों की गुणता में उच्च मूल्यांकन पर बल देने से

(D) वैज्ञानिक दृष्टिकोण से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

119. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(A) यह अक्तूबर 2017 में प्रारम्भ हुआ

(B) ₹ 15,000 करोड़ 2016 से 2020 के मध्य व्यय करना

(C) रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग

(D) 25 लाख युवकों तक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

120. ग्रीन अकाउंटिंग के उद्देश्य ____ से मेल नहीं खाता है।

(A) रक्षात्मक व्यय

(B) पर्यावरणीय लागत एवं लाभ

(C) भौतिक संसाधन खाता

(D) वास्तविक संसाधन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

121. बिहार के तृतीय कृषि रोड मैप का शुभारम्भ कब हुआ?

(A) अक्तूबर 2016

(B) अक्तूबर 2017

(C) नवम्बर 2017

(D) दिसम्बर 2017

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

122. बिहार सरकार द्वारा पर्यावरण-सम्बन्धी प्राकृतिक खतरों से बचने हेतु उठाए गए कदम सम्बन्धित हैं

(A) बी० ए० पी० सी० सी०, 2015 से

(B) बी० ए० पी० सी० सी०, 2016 से

(C) एस० ए० पी० एफ० आइ० एन०, 2016 की समीक्षा से

(D) एस० ए० पी० एफ० आइ० एन०, 2019 की समीक्षा से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

123. बिहार में औद्योगिक निवेश विकास नीति, 2016 निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(A) 2025 तक सब्सिडी प्रदान करना

(B) 9% सब्सिडी दर की प्रतिपूर्ति

(C) फूड पार्क एवं टेक्सटाइल्स पार्क परियोजना में ब्याज की सब्सिडी सीमा 35% होना

(D) महिलाओं एवं अन्य को 20% अतिरिक्त छूट देना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

124. 2011 की जनगणना के अनुसार, बिहार की कुल साक्षरता दर का सही प्रतिशत क्या है?

(A) 63·82%

(B) 73·39%

(C) 53·33%

(D) 65·45%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

125. बिहार में सबसे गरीब जिला कौन-सा है?

(A) मधेपुरा

(B) अररिया

(C) मधुबनी

(D) सुपौल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

126. लखनऊ और सहारनपुर के बीच चलने वाली नम्बर 8 डाउन रेलगाड़ी को 9 अगस्त, 1925 को किस जगह पर रोककर लूटा गया था?

(A) चटगाँव

(B) काकोरी

(C) हावड़ा

(D) अलीपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

127. स्वदेशी आंदोलन की सबसे बड़ी कमी यह रही कि वह आंदोलन के लिए निम्नलिखित में से किस समूह का समर्थन नहीं जुटा पाया?

(A) सवर्ण हिन्दू

(B) मुस्लिम समूह

(C) शिक्षित भारतीय

(D) कलाकार और लेखक वर्ग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

128. बिरसा आंदोलन का धार्मिक चरित्र युवा बिरसा मुंडा पर इनमें से किसके प्रबल प्रभाव के कारण था?

(A) आनंद पनरे

(B) आनंद जोशी

(C) जगमोहन सिंह

(D) गाँधीजी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

129. निम्नलिखित में से किस आंदोलन के दौरान हिंदी को पूरे देश के लिए भाषा के रूप में अपनाया गया था?

(A) असहयोग आंदोलन

(B) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(C) भारत छोड़ो आंदोलन

(D) स्वदेशी आंदोलन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

130. नरमपंथियों द्वारा उपयोग में लायी गयी 'प्रार्थना, याचिका और विरोध' की पद्धति को गरमदल के नेताओं ने ____ का नाम दिया था।

(A) वीरता

(B) भिक्षावृत्ति की राजनीति

(C) राष्ट्रीय कर्तव्य

(D) शर्मनाक कृत्य

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

131. नेताजी द्वारा आज़ाद हिन्द सरकार की स्थापना की घोषणा कब की गयी थी?

(A) 21 अक्तूबर, 1943

(B) 21 दिसम्बर, 1943

(C) 25 दिसम्बर, 1945

(D) 15 अगस्त, 1943

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

132. 5 अक्तूबर, 1926 को इनमें से किस नेता ने राँची के स्थानीय आर्य समाज भवन में खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था?

(A) राजेंद्र प्रसाद

(B) मोतीलाल नेहरू

(C) सी० आर० दास

(D) जवाहरलाल नेहरू

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

133. बिहार में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व एक 70-वर्षीय व्यक्ति, ____ ने किया जो दृढ़तापूर्वक सिपाहियों में शामिल हो गए जब वे आरा पहुँचे।

(A) कुँवर सिंह

(B) बिरजिस कादिर

(C) खान बहादुर

(D) जयानंद पांडे

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**134.** सविनय अवज्ञा आंदोलन के 'नो टैक्स अभियान' के अंतर्गत 'चौकीदार कर' का भुगतान करने से इन्कार निम्नलिखित राज्यों में से कहाँ शुरू हुआ?

(A) संयुक्त प्रांत

(B) बंगाल

(C) बिहार

(D) पंजाब

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**135.** कॉमिला की दो स्कूली लड़कियों, शांति घोष और सुनीति चौधरी, ने ज़िलाधीश की गोली मारकर हत्या कब की थी?

(A) अक्तूबर 1922

(B) दिसम्बर 1932

(C) दिसम्बर 1931

(D) फरवरी 1932

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**136.** अभिनव भारत, क्रांतिकारियों के एक गुप्त संगठन का निर्माण 1904 में इन नेताओं में से किसने किया था?

(A) वीर सावरकर

(B) प्रफुल्ल चाकी

(C) खुदीराम बोस

(D) अरबिंदो घोष

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**137.** इनमें से किसने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि "गाँधीवादी अपने मंत्रिस्तरीय और संसदीय कार्य में विचलित नहीं होना चाहते थे" और "उस समय किसी भी राष्ट्रीय संघर्ष के विरोध में थे"?

(A) सरदार पटेल

(B) एस० सी० बोस

(C) वीर सावरकर

(D) जवाहरलाल नेहरू

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**138.** फणींद्र नाथ घोष, जिसकी गवाही से भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की फाँसी हुई थी, की हत्या किसने की थी?

(A) एस० एन० सिंह

(B) बैकुंठ शुक्ला

(C) कार्यानन्द शर्मा

(D) खुदीराम बोस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**139.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 53वाँ सत्र कहाँ आयोजित किया गया था?

(A) रामगढ़, हजारीबाग

(B) जामवा रामगढ़

(C) कलकत्ता

(D) बंबई

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**140.** इनमें से किसने 1857 में विद्रोहियों को धोखा दिया था?

(A) गणपत पांडे

(B) ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव

(C) जमादार माधो सिंह

(D) विश्वनाथ दुबे

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**141.** एक खेप का दो-तिहाई 5% लाभ पर और शेष 2% हानि पर बेचा गया। यदि कुल लाभ ₹400 है, तो खेप का मूल्य था

(A) ₹15,000

(B) ₹15,500

(C) ₹16,000

(D) ₹16,500

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**142.** फर्नीचर की तीन वस्तुओं की औसत कीमत ₹15,000 है। यदि उनकी कीमतें 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं, तो सबसे सस्ती वस्तु की कीमत है

(A) ₹21,000

(B) ₹18,000

(C) ₹15,000

(D) ₹9,000

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**143.** गुणोत्तर श्रेढ़ी

5, 20, 80, 320, ........, 20480

में कितने पद हैं?

(A) 7

(B) 8

(C) 9

(D) 10

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**144.** *A*, एक काम को 18 दिनों में; *B*, 20 दिनों में और *C*, 30 दिनों में कर सकते हैं। *B* और *C* एकसाथ काम शुरू करते हैं और 2 दिनों के बाद छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। शेष कार्य को पूरा करने के लिए अकेले *A* द्वारा लिया गया समय है

(A) 10 दिन

(B) 12 दिन

(C) 15 दिन

(D) 16 दिन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**145.** समीर और आनन्द की वर्तमान आयु क्रमशः 5 : 4 के अनुपात में है। तीन वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 11 : 9 हो जायेगा। आनन्द की वर्तमान आयु (वर्षों में) क्या है?

(A) 24

(B) 27

(C) 40

(D) 20

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**146.** 66 घन सेंटीमीटर चाँदी को 1 मि॰ मी॰ व्यास के तार में खींचा जाता है। तार की लम्बाई (मीटर में) क्या होगी?

(A) 168

(B) 90

(C) 84

(D) 336

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in

**147.** साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर 5% प्रति वर्ष के हिसाब से 2 वर्ष का मूलधन ₹2,000 पर है

(A) ₹10·5

(B) ₹10

(C) ₹15

(D) ₹16

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**148.** मुंबई के लिये दिल्ली से दो ट्रेन सुबह 6:00 बजे और 6:45 बजे जाती हैं और क्रमशः 100 कि० मी० प्रति घंटे और 136 कि० मी० प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा करती हैं। दोनों ट्रेन एकसाथ होंगी कितने कि० मी० यात्रा करने पर?

(A) 262·4 कि० मी०

(B) 260 कि० मी०

(C) 283·33 कि० मी०

(D) 275 कि० मी०

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**149.** यदि लगातार तीन प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों का योग 110 है, तो इन प्राकृतिक संख्याओं में सबसे छोटी संख्या है

(A) 9

(B) 5

(C) 7

(D) 6

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**150.** यदि $\frac{a}{b}+\frac{b}{a}=2$, तब $(a-b)$ है

(A) 1

(B) 2

(C) –1

(D) 0

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक



Teachingninja.in